# बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम

( बिहार सरकार का उपक्रम )

कॉर्पोरेट पहचान सं० (CIN)-.U45200BR1974SGC001126

प्रधान कार्यालय–कौटिल्य नगर, बि०वि०स०पु० 5, थाना–हवाई अड्डा थाना, पटना–800014.

ई0 उदय कुमार दास
मुख्य अभियंता

दूरभाष (कार्यालय) : 0612-2223727
मोबाईल नं0 : 9471006801
ई–मेल : cepolicenigam@bihar.gov.in
वेबसाईट : www.bpbcc.bihar.gov.in


पत्रांक संख्या :–**Reg-1/3090/2025** दिनांकः– ............. / ............. / 2026

## कार्यालय आदेश सं0–486 / 2026

भवन निर्माण विभाग, बिहार के अन्तर्गत भवन प्रमंडल भागलपुर के अधीन " भागलपुर जिलान्तर्गत सबौर प्रमंडल के जर्जर अथवा गैर–मरम्मति योग कार्यालय भवन के कारण नये प्रमंडल–सह–अंचल कार्यालय का निर्माण कार्य " के लिए कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल भागलपुर द्वारा **SBD** के आधार पर ई0–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–04 / 2025–26, ग्रुप सं0–05 द्वारा आमंत्रित निविदा में निविदाकार मेसर्स बिनोद कुमार मिश्रा, पिता–स्व0 जय चन्द्र मिश्रा, पता–शान्ति निवास, शास्त्री नगर, कॉके रोड, राँची–834008 द्वारा (बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, पटना के निबन्धन संख्या–प्रथम 10 / 2020 व्यक्तिगत) निविदा में भाग लिया गया।

2. कार्य अनुभव के साक्ष्य में निविदा के साथ संवेदक द्वारा प्रबंधक–सह–कार्यपालक अभियंता, झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड परियोजना कार्यान्वयन इकाई, पलामू द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र संलग्न किया गया था। जिसका सत्यापन के लिए मुख्य अभियंता, दक्षिण भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक सं0–भवन / मु0अभि0(द0)यो0–04–37 / 2025–2779 पटना, दिनांक–25.08.2025 एवं ई–मेल के माध्यम से प्रमाण–पत्र निर्गत करने वाले पदाधिकारी से पत्राचार किया गया।

3. प्रबंधक–सह–कार्यपालक अभियंता, झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड परियोजना कार्यान्वयन इकाई, पलामू द्वारा उनके ई–मेल–**jsbcclpalpiu@gmail.com** के माध्यम से प्रतिवेदित किया गया कि उक्त अनुभव प्रमाण–पत्र उनके कार्यालय से निर्गत नहीं है।

4. संवेदक द्वारा जाली / फर्जी अनुभवन प्रमाण–पत्र के आधार पर निविदा प्राप्त करने के आरोप के लिए अभियन्ता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2556(भ0) अनु0, दिनांक–16.03.2026 द्वारा संवेदक के विरूद्ध बिहार ठेकेदारी नियमावली 2007 के कंडिका 11(ग) के तहत संवेदक पर कार्रवाई हेतु अनुरोध किया गया। अभियन्ता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के अनुरोध / अनुशंसा के आलोक में बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम बिहार, पटना के पत्रांक–**H.Q.-1804,** दिनांक–01.06.2026 द्वारा संवेदक से कारण–पृच्छा की गयी।

5. मेसर्स बिनोद कुमार मिश्रा के पत्रांक–शून्य, दिनांक–10.06.2026 द्वारा की गयी मांग पर बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम बिहार, पटना के पत्रांक–**H.Q-2145** (अनु0), दिनांक–24.06.2026 द्वारा निम्न कागजात संवेदक को उपलब्ध कराया गया।

- भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, भागलपुर का निविदा आमंत्रण सूचना सं0–04/2025–26 की प्रति।
- मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्ष में दिनांक–16.12.2025 का सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही।
- मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, के पत्रांक–2775 दिनांक–25.08.2025 द्वारा प्रबन्धक–सह–कार्यपालक अभियंता, झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लि0, परियोजना कार्यान्वयन ईकाई, पलामू द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र के सत्यापन हेतु प्रेषित पत्र की छायाप्रति (अनुभव प्रमाण पत्र सहित)।
- **E-mail** के माध्यम से प्राप्त सत्यापन प्रतिवेदन की प्रति।
- अभियंता प्रमुख भवन निर्माण का पत्रांक–2556(भ0)अनु0 दिनांक–16.03.2026 एवं अन्य कागजातों की प्रति।

6. मेसर्स बिनोद कुमार मिश्रा के पत्रांक–शून्य दिनांक–14.08.2026 द्वारा पुनः एक पत्र दिया गया है जिसमें कारण पृच्छा के संदर्भ में कुछ भी उल्लेख नहीं किया गया बल्कि अनावश्यक और निरर्थक तथ्यों का उल्लेख किया गया है, जो स्वीकार योग्य नहीं है।

7. उपर्युक्त कंडिकाओं से यह स्पष्ट है कि संवेदक मेसर्स बिनोद कुमार मिश्रा द्वारा फर्जी/जाली अभिलेख/कागजात के आधार पर निविदा प्राप्त करने का प्रयास किया गया है। जिसके लिए

अभियन्ता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2556(भ0) अनु0, दिनांक–16.03.2026 द्वारा संवेदक के विरूद्ध बिहार ठेकेदारी नियमावली 2007 के कंडिका 11(ग) के तहत संवेदक पर कार्रवाई हेतु अनुरोध भी किया गया है।

8. फर्जी/जाली अभिलेख/कागजात के आधार पर निविदा प्राप्त करने का प्रयास करना कदाचार की श्रेणी में आता है जिसके लिए बिहार ठेकेदारी ठेकेदारी नियमावली 2007 के कंडिका 11 (क) एवं (ग) में संवेदक को कालीकृत किये जाने का प्रावधान है।

अतः संवेदक मेसर्स बिनोद कुमार मिश्रा, पिता–स्व0 जय चन्द्र मिश्रा, पता–शान्ति निवास, शास्त्री नगर, कॉके रोड, राँची–834008 को फर्जी/जाली अभिलेख/कागजात के आधार पर निविदा प्राप्त करने के प्रयास का दोषी पाये जाने के कारण बिहार ठेकेदारी नियमावली 2007 के कंडिका 11 (क) एवं (ग) के प्रावधान के तहत अगले 03 (तीन) वर्षों के लिए कालीकृत किया जाता है।

उक्त संसूचित दण्ड के विरूद्ध संवेदक मेसर्स बिनोद कुमार मिश्रा द्वारा तीस दिनों के अन्दर अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम के समक्ष अपील दायर किया जा सकता है।

ह0/–
मुख्य अभियंता

ज्ञापांक–                                        पटना,    दिनांक–............/........../2026

प्रतिलिपि– मेसर्स बिनोद कुमार मिश्रा, पिता–स्व0 जय चन्द्र मिश्रा, पता–शान्ति निवास, शास्त्री नगर, कॉके रोड, राँची–834008 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
मुख्य अभियंता

ज्ञापांक–                                        पटना,    दिनांक–............/........../2026

प्रतिलिपि– अधीक्षण अभियंता (मो0), अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल–01 एवं 02/मुख्य लेखा पदाधिकारी/कार्यपालक अभियंता, मोनेटरिंग, बी0ओ0क्यू0 एवं गुण नियंत्रण/मुख्य अभियंता के प्रावैधिक सचिव/कार्यपालक अभियंता, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, मुख्यालय, पटना एवं सभी कार्यपालक अभियंता, पटना/राजगीर/मगध प्रमण्डल कैम्प डिहरी ओन सोन/भागलपुर/दरभंगा/पूर्णियाँ/मुजफ्फरपुर प्रमण्डल कैम्प हाजीपुर/कार्यपालक अभियंता, मोतिहारी/कार्यपालक अभियंता, सहरसा एवं कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमण्डल/अपर पुलिस महानिदेशक–सह–अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक के निजी सहायक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
मुख्य अभियंता

ज्ञापांक–                                        पटना,    दिनांक–............/........../2026

प्रतिलिपि– मुख्य अभियंता, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता, बिहार स्थानीय क्षेत्र विकास अभिकरण, पटना/मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार औधोगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार चिकित्सा सेवाएं आधारभूत संरचना निगम, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, पटना/प्रबंध निदेशक बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना/मुख्य कार्यपालक अभियंता, बिहार ग्रामीण कार्य विकास अधिकरण, पटना/प्रबंध निदेशक बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
मुख्य अभियंता

ज्ञापांक– HQ 3054                                        पटना,    दिनांक–07/09/2026

प्रतिलिपि– श्री जितेन्द्र गिरि, वरीय निजी सहायक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम को निगम के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

7/9/26
मुख्य अभियंता